हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

04 बेकरी की दुकान में तोड़फोड़, हजारों का...



07 सिरोंज पहुंची सांसद डॉ लता वानखेड़े का वार्डवासियों...





## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन आज

**विदिशा।** निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 आज मंगलवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन ने बताया कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक के बाद दोपहर 1.30 बजे पत्रकारवार्ता होगी।

### जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार 23 दिसंबर को जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विदिशा में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में जिले के प्रत्येक विकासखंड से चयनित 10-10 श्रेष्ठ विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें नवाचार और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन होगा। उल्लेखनीय है कि चयन प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न हुई। 6 दिसंबर को विद्यालय स्तर, 13 दिसंबर को संकुल केंद्र स्तर तथा 20 दिसंबर को विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी से उत्कृष्ट मॉडलों का चयन कर विद्यार्थियों को जिला स्तर के लिए आमंत्रित किया गया है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक 25 को होगी

**विदिशा।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक 25 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 1 बजे नवीन कृषि मंडी मिर्जापुर में होगी। बैठक में समस्त जिला कार्यकारिणी एवं जिले में निवासरत सभी प्रांत, संभाग के पदाधिकारी एवं सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष एवं मंत्री को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रचार प्रमुख दीपक शर्मा ने बताया कि बैठक में प्रांतीय संगठन भरत पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**विदिशा।** जिले में शीतलहर के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। नागरिकों को गर्म कपड़े पहनने, कई परतों में वस्त्र धारण करने तथा ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचने की सलाह दी गई है। सर्दी-खांसी, नाक बहना या नाक से खून आने जैसे लक्षणों पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। सिर, गर्दन, हाथ-पैर ढककर रखें, टोपी-मफलर व वाटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। संतुलित आहार, विटामिन-युक्त फल-सब्जियां और गरम तरल पेय लें। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें और शीतदंश के लक्षण दिखें तो तुरंत इलाज कराएं।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर कार्यशाला एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वनिता वाजपेई ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन एवं आचार्य बौधायन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने गणित विभाग द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात संदेश का वीडियो प्रसारण किया गया तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल राजपूत के आकाशवाणी संदेश का ऑडियो सुनाया गया, जिसमें रामानुजन के गणितीय योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सीएमओ ने किया वार्ड एक का भ्रमण

**विदिशा।** नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने वार्ड 1 गणेशपुरा में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ठाकुर ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनाया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रखा जाए।

---

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सख्त, समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की रैंक गिरी तो अधिकारी की सीआर में होगा उल्लेख, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में आम नागरिकों से जुड़े लंबित आवेदनों के शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति पर बरीकी से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई कार्यक्रम तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों से संबंधित लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति, अब तक किए गए निराकरण तथा शेष प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान जिलेभर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

### संतुष्टीपूर्ण होना चाहिए निराकरण: कलेक्टर

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि निराकरण केवल औपचारिक न होकर आवेदक की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदन आम नागरिकों की समस्याओं से सीधे जुड़े होते हैं। ऐसे में इनके निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों से नियमित संवाद बनाए रखें और निराकरण की स्थिति से उन्हें अवगत कराएं। साथ ही लंबित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि किसी विभाग की रैंकिंग या ग्राफ में गिरावट आती है तो पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।

### संतोषजनक व स्थाई समाधान मिलना चाहिए

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वपूर्ण जनसमस्या निवारण प्रणाली है, जिसके माध्यम से नागरिकों को त्वरित, संतोषजनक एवं स्थायी समाधान मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गंभीरता से अध्ययन कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। लापरवाही, विलंब या असंतोषजनक निराकरण की स्थिति में संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं खंड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित कर उन्हे निर्देश दिए गए।

---

### ग्राम पंचायत खड़ेर में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन में प्रोटोकॉल का उल्लंघन

## शिलालेख पर जिपं अध्यक्ष का नहीं लिखा नाम, सब इंजीनियर व पंचायत के जिम्मेदारों को नोटिस

8 दिसंबर को आयोजित किए कार्यक्रम में हुआ उल्लंघन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ेर में 8 दिसंबर को आयोजित सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाया है।

कार्यक्रम के दौरान स्थापित शिलापट्ट पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी का नाम अंकित नहीं किया गया था। बैनर पर उनके फोटो का प्रदर्शन नहीं किया गया, जो शासकीय नियमों एवं प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन है। जिला पंचायत अध्यक्ष को राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त है। इसलिए जिले में किसी भी शासकीय कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। उल्लंघन करने पर जनपद पंचायत नटेरन के सब इंजीनियर पवन शर्मा एवं पंचायत के जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें पूछा गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जिला पंचायत सीईओ स्पष्ट किया कि ऐसे उल्लंघनों से शासकीय गरिमा प्रभावित होती है तथा भविष्य में सभी पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रोटोकॉल उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि शासकीय व्यवस्था की मर्यादा बनी रहे।

### कथा के पहले दिन सद्कर्म की महत्ता समझाई

**विदिशा।** परिणय गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा तलैया मोहल्ला स्थित हनुमानजी मंदिर से कथा स्थल तक पहुंची। देवलिया परिवार द्वारा आयोजित कथा में व्यासपीठ से आचार्य रवि कृष्ण शास्त्री ने हरिनाम स्मरण, कीर्तन और सुमिरन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भागवत के प्रथम अध्याय की कथा सुनाते हुए धुंधकारी और गोकर्ण प्रसंग के माध्यम से सद्कर्म की महत्ता समझाया।

---

## महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने वाले को तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- मंदिर जाते समय महिला के गले से झपटा था मंगलसूत्र।

महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने के सनसनीखेज मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कथोरिया ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके द्वारा आरोपी सचिन लोधी उम्र 24 वर्ष निवासी हरिपुरा थाना को 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। फरियादिया कमला देवी बबेले ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जुलाई 2022 की सुबह 6:45 बजे वह रामजानकी शिव मंदिर हरिपुरा में दर्शन कर रही थीं। इसी दौरान आरोपी ऋषभ पवार एवं सचिन लोधी स्कूटी से आए और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए समस्त साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनसे सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी सचिन लोधी को दोषी ठहराया। प्रकरण का एक अन्य आरोपी ऋषभ पवार फरार है। जिसे न्यायालय ने फरार घोषित किया है।

### लोकतंत्र सेनानी की पत्नी को प्रतिमाह 15 हजार की निधि स्वीकृत

**विदिशा।** लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम 2018 के अंतर्गत लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय नेमीचंद्र जैन की पत्नी सरला जैन को 15 हजार रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि स्वीकृत की गई है। सरला जैन निवासी वार्ड 22 गांधी चौक गंजबासौदा द्वारा पति के निधन 7 जुलाई 2025 के पश्चात निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने आवेदन का नियमानुसार परीक्षण उपरांत स्वीकृति आदेश जारी किया। इस निर्णय से लोकतंत्र सैनानियों के परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा।

---

**नाक बंद करके घरों से आना जाना कर रहे हैं कॉलोनी के रहवासी**

## वैशाली नगर की सड़कों पर बह रहा नाले का पानी, भयंकर बदबू से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वैशाली नगर कॉलोनी में स्थिति गंभीर बनी हुई है। बिना बारिश के ही नाले का गंदा पानी कॉलोनी की सड़कों पर बह रहा है, जिससे रहवासियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बीते 6 दिनों से लोग तेज दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण में रहने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कॉलोनी के ट्यूबवेल से भी गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। इस मजबूरी के चलते रहवासियों को पीने का पानी बाहर से लाना पड़ रहा है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान हो रहे हैं। कपड़े गंदे हो जाते हैं। गंदे पानी और गंदगी के कारण बच्चे



बीमार पड़ रहे हैं। सड़कों पर पानी भरा होने से फिसलन बनी रहती है, जिसके चलते कई बार बच्चे और बुजुर्ग गंदे पानी में गिर चुके हैं और उन्हें चोटें भी आई हैं। रहवासियों के अनुसार नाले के स्वरूप से छेड़छाड़ किए जाने के बाद यह समस्या बार-बार खड़ी हो रही है। पहले गंदे पानी की निकासी के लिए खुला नाला था, लेकिन बाद में कॉलोनाइजर ने अपने निजी फायदे के लिए खुले नाले की जगह बड़े-बड़े पाइप डाल दिए।

अब ये पाइप पूरी तरह चोक होकर जाम हो चुके हैं, जिसके कारण नाले का सारा गंदा पानी कॉलोनी की सड़कों पर फैल रहा है। कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि लगभग हर छह महीने में पाइप चोक हो जाते हैं और पूरी कॉलोनी गंदे पानी से भर जाती है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की कि पाइपलाइन व्यवस्था को हटाकर स्थायी और पक्का नाला निर्माण कराया जाए, ताकि गंदे पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके।

---

### सांगुल के पास राम पहाड़ी पर चल रही श्रीराम कथा में बोली सांसद

## बुरी आदत को त्याग कर सतमार्ग पर हम सबको चलना चाहिए: सांसद वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन ग्राम सांगुल के पास धार्मिक स्थल राम पहाड़ी पर किया जा रहा है।

सोमवार को सागर सांसद लता वानखेड़े शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, जनपद अध्यक्ष संगीता रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सांसद एवं विधायक द्वारा व्यास गादी की पूजन अर्चन कर कथा व्यास उमा देवी का हार फूल माला से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। सांसद ने व्यास गादी को प्रणाम कर जय श्रीराम का जयकारा



लगाया एवं कथा पांडाल में बैठे सभी श्रद्धालू भक्तों को प्रणाम कर उन्होंने कहा कि हम सभी को बुरी आदतों से बचाकर सतमार्ग पर चलना होगा। मेरा सभी जन मानस से आग्रह है नशे की लत से दूर रहना होगा। उन्होंने आयोजन समिति को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। कथा के दौरान सूर्फ नखा बध की लीला का वाचन किया गया।

### झांसी–इटारसी पैसेंजर पुनः शुरू करने की मांग

**गुलाबगंज।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर झांसी–इटारसी पैसेंजर ट्रेन को पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि झांसी–इटारसी रेलखंड मप्र का अत्यंत महत्वपूर्ण रेल मार्ग है, जो भोपाल, बीना, विदिशा सहित अनेक औद्योगिक, शैक्षणिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है। इस मार्ग पर संचालित पैसेंजर ट्रेन क्रमांक 51827 एवं 51828 पिछले लगभग पांच वर्षों से बंद है, जिससे कुरवाई, केथौड़ा, पवई, सुमेर, दीवानगंज, भदभदा घाट, सूखी सेवनिया जैसे छोटे स्टेशनों के यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह ट्रेन विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं मजदूर वर्ग के लिए आवागमन का प्रमुख साधन थी।

---

### कार्यशाला में पुलिस के जांच अधिकारी व शासकीय अधिवक्ता हुए शामिल

## कोर्ट पहुंचने के बाद अपराधी सजा से नहीं बच पाए, बताईं बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अपराधी कोर्ट तक तो पहुंच जाता है लेकिन जांच अधिकारी और गवाही में चूक हो जाने से बच जाता है। विशेषकर पुलिस को गवाही देते समय घबराना नहीं चाहिए। न्यायालय में सहज होकर अपनी बात रखें। क्योंकि अपराधी को सजा देने का कार्य पुलिस, अभियोजन और न्यायालय का है। इस तरह के विचारों के साथ अभियोजन की कार्यशाला का आयोजन हुआ कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आशुतोष मिश्रा द्वारा अभियोजन अधिकारी व पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को व्यावहारिक पहलू पर ज्ञानवर्धन किया गया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे द्वारा साइबर अपराध के संबंध में व उससे जागरूकता के संबंध में सभी का ज्ञानवर्धन किया। अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ योगेन्द्र साहू के द्वारा बताया गया कि वह आरोपियों के फिंगर प्रिंट की मदद अपराधी का पता आसानी से लगाया जा सकता है।

कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके, एसपी अधीक्षक रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर उपस्थित रहे।। इस दौरान सहायक निदेशक अभियोजन जेएस तोमर, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कथोरिया, व एजीपी हिम्मत कुशवाह द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यशाला का संचालन अतिरिक्ति लोक अभियोजक साकेत गोयल ने किया। कार्यशाला में शासकीय अधिवक्ता, अभियोजक सहित अपराधों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

---

### तापमान में गिरावट आने से गंभीर बीमारियों के मरीज बढ़े

## सुबह होते ही घने कोहरे के आगोश में समाया शहर, विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही

ठंड के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रह गई, जिससे सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही और चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। पैदल राहगीरों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच भी स्कूली बच्चे पूरी तैयारी के साथ घरों से निकले। बच्चे कैप, मफलर और दस्ताने पहनकर स्कूल जाते नजर आए। सुबह के वक्त कोहरे के वजह



से विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी। लेकिन सूर्य निकलते ही कोहरा साफ हो गया था।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार रात जिले का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रहा। बीते तीन दिनों से रात का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

### हवा की गति कम होने से रात से सुबह तक घना कोहरा बन रहा है

मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर ने बताया कि दिन में तेज धूप के कारण वाष्पीकरण बढ़ रहा है, लेकिन हवा की गति कम होने से रात से सुबह तक घना कोहरा बन रहा है। इसी वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा रही है। पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में लोगों ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि इतनी ठंड के बावजूद अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मजबूरी में उन्हें कचरा इकट्ठा कर जलाना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से जल्द ठंड से राहत के इंतजाम करने की मांग की है।

### व्यापारी के साथ मारपीट से पनपा आक्रोश

**विदिशा।** शमशाबाद के करीब 300 से अधिक व्यापारियों ने बैठक बुलाकर व्यापारी के साथ हुई घटना की निंदा की है। व्यापारी बालाराम साहू के साथ हुई मारपीट को लेकर कलेक्टर, एसपी के नाम एसडीएम अजय प्रताप सिंह को आज सुबह 11 बजे ज्ञापन देंगे। 24 घंटे में जांच कर टीआई सहित थानेदार व तीन अन्य पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती तो 24 तारीख को बाजार बंद किया जाएगा। सांसद लता वानखेडे और विधायक सूर्य प्रकाश मीणा को रेस्ट हाउस में व्यापारी बालाराम साहू ने अपनी आप बीती बताई। जिसपर सांसद ने एसपी को फोन लगाकर कार्रवाई के लिए कहा है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1776
उच्चतम भाव-5425
सरसों
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव- 4300
उच्चतम भाव- 5230
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7400
ज्वार
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5860
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 1681
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3041
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3412
गेंहू
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3555
उड़द
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-6305
बटरी
न्यूनतम भाव-2030
उच्चतम भाव-3100

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 35733 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### हो रहा अतिक्रमण

**त्योंदा**। तहसील के पास तहसीलदार क्वार्टर के सामने अवैध तरीके से गुमठियां रखकर कब्जा किया जा रहा है। जगह-जगह गुमठी रखी होने से रोड संकरी हो रही है और वहां से निकलने वाले वाहनों एवं राहगीरों को असुविधा उठानी पड रही है। कई बार तो एक्सीडेंट भी हो गए हैं पर तहसीलदार द्वारा इस ओर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों एवं वाहन चालकों ने तहसील प्रशासन से इस अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### ज्योतिर्लिंग यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु



**त्योंदा**। क्षेत्र से 11 ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालु रवाना हुए। इन श्रद्धालुओं को परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुष्पहार पहनाकर यात्रा पर रवाना किया और उन्हें सुरक्षित एवं सुखमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में कई बस संचालक ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग, चार धाम, भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थल, नर्मदा परिक्रमा आदि यात्राएं कराने के लिए स्पेशल बसों का संचालन करते हैं। इन बसों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु तीर्थ यात्राओं पर जाते रहते हैं। ऐसे ही एक यात्रा पर त्योंदा क्षेत्र के श्रद्धालु गत दिवस रवाना हुए।

# सर्दी को देखते हुए पालकों ने की स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को सुबह के समय क्षेत्र में कोहरा छाया रहा। जिसके कारण कड़ाके की ठंड लोगों को महसूस होती रही। विजिबिलिटी कम होने से वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पडे। सर्दी से बचने के लिए लोग स्वेटर, मफलर और टोपी सहित गर्म कपड़ों का सहारा लेते देखे जा रहे हैं। घने कोहरे और बढ़ती ठंड का असर सुबह की पाली में संचालित होने वाले नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों पर भी पड़ा। पालक अपने छोटे बच्चों को इतनी ठंड में स्कूल भेजने को लेकर चिंतित हैं। पालकों ने बताया कि पहले ठंड बढ़ने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नर्सरी से कक्षा 8 तक की सुबह की कक्षाओं का समय 7:30 बजे से बढ़ाकर 8:30 बजे कर दिया था, जिससे कुछ राहत मिली थी। हालांकि अब सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है और कोहरा सुबह 9 से 10 बजे तक छाया रहता है, जिससे ठंड भी अधिक होती है। इस स्थिति में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना काफी मुश्किल हो रहा है। पालकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से सुबह की पाली में लगने वाली छोटी कक्षाओं का समय और बढ़ाए जाने की मांग की है। जिससे बच्चे बिना किसी परेशानी के स्कूल जा सकें। पालकों का कहना है कि बच्चों का समय 8:30 बजे किया गया है, लेकिन माता-पिता को बच्चों को सुबह 7:30 बजे से तैयार करना पड़ता है, जिसमें लंच बनाना, यूनिफॉर्म पहनाना और उन्हें स्कूल तक पहुंचाना शामिल है। वर्तमान में अत्यधिक सर्दी और कोहरे के कारण सुबह 8:30 बजे भी ठीक से दिखाई नहीं देता। इन सब परेशानियों को ध्यान में रखते हुए पालकों ने स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग की है।



गंजबासौदा। कोहरे के कारण वाहनों की लाइट जलाकर चलते वाहन चालक

### पति ने पराठे में मिलाकर रखा जहर, अगर बच्चे खा लेते तो हो जाता हादसा

# 'पति शराब के नशे करता है मारपीट बच्चों को भी मारना चाहता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को सिटी थाना में एक महिला अपने साथ संदिग्ध रूप से जहर मिला परांठा लेकर शिकायत करने पहुंच गई। पीड़ित महिला द्वारा पुलिस को बताया गया कि उसका पति शराब के नशे में मारपीट करता है और यहां तक कि वह अपने बच्चों को भी मारना चाहता है। महिला अपने साथ एक पराठा भी रखकर ले गई थी, महिला का आरोप था कि उसके पति ने पराठे में जहर मिला दिया था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल पठार क्षेत्र में रहने वाली एक महिला सोमवार को कोतवाली थाने में एक परांठा लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंची। महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी वर्ष 2011 में हुई थी, जिसके 2 बच्चे भी हैं। महिला का पति उसके साथ आये दिन शराब पीकर मारपीट करता है और बीती रात्रि भी उसके साथ मारपीट करते हुए महिला को परांठा खाने दिया था, जिसमें जहर मिला हुआ था। महिला का कहना है कि शराब के नशे में पति महिला और उसके बच्चों को मारना चाहता है। जिससे वह परेशान हैं। पति द्वारा आए दिन की जा रही मारपीट की दो-तीन बार पहले भी थाने में शिकायत की गई है, लेकिन पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई। महिला के अनुसार वह घरेलु कामकाज करके अपने 14 वर्षीय बेटे और 8 वर्षीय बेटी को पाल रही है। इस पूरे मामले में शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके भर में शराब सहित नशे का कारोबार तेजी के साथ फल, फूल रहा है। क्षेत्र में नशा करने वालों की संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है।



गंजबासौदा। महिला द्वारा थाने में लाया गया परांठा

## मां नर्मदा पदयात्रा 8 को करेगी प्रस्थान



गंजबासौदा। समिति और श्रदालुओं की बैठक आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले 11 वर्षों से प्रतिवर्ष चल रही पैदल यात्रा मां नर्मदा के लिए 8 जनवरी को नगर से प्रस्थान करेगी। इस सम्बंध मे श्री नौलखी मंदिर पर समिति और श्रदालुओं की बैठक आयोजित की गई। जिसको सम्बोधित करते हुए नर्मदा पदयात्रा के मुख्य सूत्रधार और आयोजक पंडित प्रमेहानंद शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा लगातार 11 वें वर्ष चल रही है। इस पदयात्रा में प्रतिवर्ष शामिल होने वाले श्रदालुओ की मनोकामना मां नर्मदा पूर्ण करती है बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने रामगोपाल जी साकंलखेडा वालो को मुख्य यजवान बनाया है जिनका बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने हार फूल मालाओ से स्वागत किया। पं प्रमेहानंद शास्त्री ने बताया है कि इस वर्ष यह यात्रा 08 जनवरी को गंज बासौदा से प्रारंभ होकर बैरखेडी खर्राघाट बुदनी के लिए प्रस्थान करेगी जो 9 जनवरी को विदिशा, 10 जनवरी को रायसैन, 11 को बरबतपुर, 12 को कुमेडी ,13 जनवरी को बुदनी, खरराघाट पहुचेंगी। 15 जनवरी को विशाल भंडारा एवं चुनरी यात्रा यात्रा मां नर्मदा जी की रहेगी। बैठक मे मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रामकरण सिंह, रमेश रघुवंशी, रामसिंह, पप्पूसिंह, खुमानसिंह, मालमसिंह, मालमसिंह, बैजनाथसिंह, रघुवीर सिंह, सनमान सिंह, लाल साहब, पर्बत सिंह, काशीराम आदि उपस्थित थे।

## आग लगने से घर गृहस्थी का सामान जला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम सिरावदा में रविवार रात एक मकान में आग लग गई। इस घटना में घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक प्रियंका अहिरवार के पति का निधन हो चुका है और वह अपनी मां पुष्पा बाई और 10 वर्षीय बेटे के साथ सिरावदा में रहती है और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रही है। गत शाम को वह परिवार सहित गंजबासौदा शहर खरीददारी करने गई थीं। इस बीच पड़ोसियों ने घर से धुआं उठता देख उन्हें फोन पर सूचना दी। जब तक ग्रामीण आग बुझाने के लिए पहुंचते और मकान मालिक घर तक आतीं, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद रात 9 बजे आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग पर काबू पाने तक घर में रखा फ्रिज, कूलर, पलंग, गद्दे, कपड़े और खाने-पीने का सामान, बिस्तर, कपडे, नगदी, राशन का सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। प्रियंका अहिरवार के अनुसार, इस घटना से उन्हें करीब 25 से 30,000 रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। मकान मालकिन ने इस संबंध में शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## खिचड़ी उत्सव का हुआ शुभांरभ



**गंजबासौदा**। गत दिवस सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में परंपरागत खिचड़ी उत्सव की शुरुआत हो गई है। हर साल पौष शुक्ल पक्ष की दूज से इसका शुभारंभ होता है। इस बार 21 दिसंबर से शुरू हुआ उत्सव पूरे एक माह तक चलेगा।उत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की आकर्षक झांकियां सजाई जा रही हैं। पंडित संजय शर्मा ने बताया कि यमुना लीला, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रुक्मणी विवाह जैसे दिव्य प्रसंगों के दर्शन कराए जा रहे हैं। उत्सव का समापन टोपा दर्शन के साथ होगा। मंदिर के पुजारी बल्लभ भार्गव ने बताया कि खिचड़ी उत्सव की शुरुआत करीब 26 साल पहले मंदिर के मुखिया स्वर्गीय ओमप्रकाश भार्गव ने की थी। रविवार को दूज के दिन उत्सव की शुरुआत यमुना लीला के दर्शन से हुई। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, आरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण में उत्साह से भाग लिया।

### हनुमान चालीसा पाठ का 108वां चरण संपन्न

**गंजबासौदा**। विगत दिनों हिन्दू चेतना सेवा समिति द्वारा वेदांत आश्रम, जीवजीपुर में हनुमान चालीसा पाठ का 108 वां चरण श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा सात बार हनुमान चालीसा पाठ का विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू वीरों, आश्रम में अध्ययनरत छोटे बटुकों और श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि इस भौतिकतावादी और व्यस्त जीवनशैली में समिति का यह अभियान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 108 वें चरण में पाठ की माला पूर्ण होना ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है। महंत हरिहर दास महाराज ने यह भी कहा कि समिति के सदस्य युवा पीढ़ी को धर्म, संस्कार और आध्यात्म से जोड़ने के साथ-साथ नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर भी सकारात्मक कार्य कर रहे हैं।

## डॉ रविन्द्र चिढार को बनाया प्रभारी सह अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य एवं जिला अधिकारी द्वारा आदेश जारी करते हुए प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. रविन्द्र चिढ़ार नेत्र रोग विशेषज्ञ को अपने वर्तमान कार्य के साथ शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय गंजबासौदा का प्रभारी सह अधीक्षक का प्रभार आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। आदेश में डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड को आदेशित किया गया है कि वे विकासखण्ड स्तरीय समस्त प्रशासकीय कार्यों, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई एवं अन्य गतिविधियों का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र त्योंदा से करेंगें।




## बेकरी की दुकान में तोड़फोड़, हजारों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेहलोट बायपास मार्ग पर स्थित एक बेकरी की दुकान में रविवार रात अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। इस घटना में दुकान मालिक को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक गिरजेश साहू ने बताया कि रविवार रात करीब 9:30 बजे तीन से चार लोग उनकी दुकान के बाहर आकर बैठ गए। लगभग आधे घंटे बाद वे अचानक दुकान में घुस गए और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। तोड़फोड़ के दौरान, हमलावरों ने दुकान में केक और अन्य सामग्री को ठंडा रखने वाले कूलिंग फ्रिज को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा, दुकान का अन्य सामान भी तोड़ दिया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। तोड़फोड़ में बेकरी का काउंटर भी टूट गया। घटना के बाद, मौके पर मौजूद लोगों की मदद से तोड़फोड़ करने वालों को रोका गया। गिरजेश साहू ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। डायल 112 की मदद से वह रात में ही शहर थाने पहुंचे और रात करीब 1 बजे अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। यह घटना रात में हुई थी, जिसके बाद सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और प्रकरण दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय औद्योगिक एवं ऐतिहासिक स्थल भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 छात्राओं ने नेशनल कैप्सूल फैक्ट्री विदिशा एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सांची का भ्रमण किया। महाविद्यालय से निखिल शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पुष्पा बर्डे, डॉ. बृजेश वर्मा, रानी राय एवं योगेश सहरिया ने अपनी देख रेख में छात्राओं को भ्रमण कराया।



### भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# एसजीएस कॉलेज में मनाया गणित दिवस



गंजबासौदा। कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि एवं उपस्थित विद्यार्थीगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय गणित दिवस पर किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर दिलीप गुप्ता थे। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉक्टर सुनील पाटीदार थे। उन्होंने श्रीनिवास रामानुज जो महान भारतीय गणितज्ञ थे की उपलब्धि एवं गणित के क्षेत्र में उनके दिए गए योगदान पर विस्तार से व्याख्यान दिया। तत्पश्चात डॉक्टर दिलीप गुप्ता द्वारा प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के योगदान एवं उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में की गई खोज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी गणित दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों द्वारा रामानुज पर अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के अंत में घनश्याम चौकसे द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। जीवन में गणित के महत्व पर उनके द्वारा बताया गया। इसके अलावा वैदिक गणित का विशिष्ट विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर सपना श्रीवास्तव व डॉक्टर अर्चना चौधरी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 24 छात्राओं ने भागीदारी की। साथ ही महाविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉक्टर जेपी मेहरा, राघवेंद्र भार्गव के नेतृत्व में प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के छायाचित्र एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के 110 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम में डॉ बीके प्रजापति, अभिषेक सिंह, डॉ विंदेश शुक्ला, मनीष दुबे, डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर शिवानी बिश्नोई, डॉक्टर अर्चना चौधरी ,डॉक्टर आयुष हरदया, डॉक्टर मोनिता नेमा , डॉक्टर जेपी मेहरा सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## पिता के पुण्य स्मरण में स्कूली बच्चों को बांटे गर्म कपड़ों की किट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राथमिक शाला विसकावली में शिक्षक परिवार एवं करण एवं कार्तिक अरोरा, संध्या मनीष अरोरा एवं रीना संजय समैया के सौजन्य से स्कूली बच्चों को गर्म कपड़ों की किट्स भेंट की गई। प्राथमिक शाला विशकावली के शिक्षक मनीष अरोरा ने अपने माता-पिता स्वर्गीय नानक प्रसाद एवं विद्या देवी अरोरा की पुण्य स्मरण में 20 स्कूली बच्चों एवं आंगनवाड़ी के पांच बच्चों को गर्म कपड़ों की किट्स भेंट की एवं स्कूल के सभी कमरों एवं लेटबाथ में टाइल्स लगाई गई। इसके साथ ही विद्यालय में एक बगिया बनाई गई है, जिसमें सभी अतिथियों द्वारा बगिया का निरीक्षण कर सराहना की गई। गर्म कपड़ों की किट्स में जरकिन, लोअर, टोपा और मौजा सम्मिलित है। विगत दिवस प्राथमिक शाला, विशकावली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर, मां सरस्वती की पूजा अर्चन की गई। अतिथियों द्वारा विद्यालय का पूर्ण रूप से निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखा और सराहना की गई। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी एवं बीईओ परता अहिरवार, हाई स्कूल की प्राचार्य सुनीता पाराशर, सरपंच राजेंद्र सिंह दांगी, जनपद सदस्य तीरथ सिंह, शिक्षक साथी पृथ्वी सिंह, अमर सिंह, किरण चौरसिया, माधवी भाटिया, कुमारी लक्ष्मी, ज्योति चंदेल सहित अनेक शिक्षक साथी एवं ग्रामीण जन सहित विद्यालय परिवार के बच्चे एवं उनके पालक गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



गंजबासौदा। स्कूली बच्चों को गर्म कपडों की किट भेंट की गई

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति ने पारंग शुक्ला को अटल अलंकरण से सम्मानित किया

**सागर।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधा कृष्णन एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में इंदौर में शून्य से शतक : एक शताब्दी अटल भारत की स्मरणोत्सव में अटल जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर "सदा अटल" महाग्रंथ एवं अटल जी के सुविचारों पर आधारित दिग्दर्शिका का विमोचन किया गया। साथ ही उनके जीवन मूल्यों और विचार धारा को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली चार विभूतियों का सम्मान भी किया गया। इनमें सागर के पशु सेवक पारंग शुक्ला शामिल है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 दिसंबर को

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 148 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर दिनांक 24 दिसम्बर दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बीएमडी, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन,शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 23 दिसम्वर तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार केंद्र संस्था द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुरानी सदर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

# सिरोंज पहुंची सांसद डॉ लता वानखेड़े का वार्डवासियों ने किया स्वागत




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**


नगर के शासकीय संदीपनी विद्यालय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में समापन अवसर पर पधारी सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद एंव भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री डॉ लता वानखेडे का भाजपा के वरिष्ठ तोषमणी पंथी व पार्षद अंजनी तोषमणी पंथी के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 16 के नागरिको ने फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में वार्डवासियों जानकारी दी। वही भाजपा के वरिष्ठ तोषमणी पंथी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सांसद लता वानखेड़े की उपलब्धियां के बारे बताते हुए कहा कि हमें ऐसा पहले सांसद मिले है जिन्होंने सिरोंज क्षेत्र की बात संसद में बैठते ही उठाई और हमें पूरा विश्वास है कि सिरोंज की जो समस्याएं सांसद महोदय के जरिए पूरी होंगी और हमारी सांसद इस क्षेत्र को आगे बढ़ाएगी ऐसा हमें विश्वास है। इस मौके पर मुकेश तिवारी,लक्ष्मण मीणा,वैभव पंथी,ललित पंथी,दीपेश पंथी,अमृतलाल पंथी,दीपक जाटव,राजू पाल सहित बडी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहें।

### आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## आर्म्स रेसलिंग केवल शक्ति का खेल नहीं है बल्कि यह तकनीक धैर्य और मानसिक संतुलन की परीक्षा है: राजीव जैन

**सिरोंज।** नगर के लटेरी रोड स्थित एक निजी गार्डन में स्व अख्तर पहलवान की स्मृति में गोल्ड जिम द्वारा आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी द्वारा प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वही एड राजीव जैन सैनानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्म्स रेसलिंग केवल शक्ति का खेल नहीं है। बल्कि यह तकनीक धैर्य और मानसिक संतुलन की भी परीक्षा है। सिरोंज के युवाओं ने जिस प्रकार अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया है।



यह खेल के उज्वल भविष्य का संकेत है। शारीरिक मानसिक दृढ़ता और तकनीक के विकास में है, जो सिर्फ़ कौन ज़्यादा मज़बूत है यह दिखाने से कहीं ज़्यादा है यह कौशल, सहनशक्ति, और रणनीति को परखता है, जिससे यह एक लोकप्रिय और रोमांचक प्रतिस्पर्धी खेल बन गया है जो चोटों से बचने के लिए सावधानी और प्रशिक्षण पर ज़ोर देता है। साथ ही यह बाइसेप्स, कलाई, अग्रबाहु और पकड़ की ताकत को बढ़ाता है, जो इसे एक बेहतरीन ताकत बनाने वाला व्यायाम बनाता है।

इस मौके पर प्रतियोगिता में 45 से 50 किलो वर्ग से लेकर 80 से 100 किलो वर्ग में सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, बासौदा, विदिशा, अशोक नगर, आरोन, गुना, एवं आस पास के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गोल्ड जिम संचालक आजम खान ने कहा कि आर्म रेसलिंग एक ऐसा खेल है जिसमें दो प्रतिभागी एक-दूसरे के सामने खड़े होकर, अपनी मुड़ी हुई कोहनियों को एक समतल सतह आमतौर पर एक मेज पर टिकाते हैं और हाथों को मजबूती से पकड़ते हैं, और प्रत्येक अपने प्रतिद्वंद्वी के हाथ को सतह पर धकेलकर उसे हृपिनह्न करने का प्रयास करता है। लोकप्रिय संस्कृति में, आर्म रेसलिंग को आमतौर पर शारीरिक वर्चस्व के प्रदर्शन के रूप में देखा जाता है, जो दो व्यक्तियों के बीच श्रेष्ठ शक्ति और कठोरता का प्रतीक है। वही उन्होने बताया कि 80 से 100 किलो बाएं हाथ और दाएं हाथ वर्ग में कासिम गोरी ने उत्कर्ष प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की।

## सिरोंज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

सिरोंज। गीता परिवार मध्यांचल प्रणीत गीता परिवार मध्यप्रदेश एवं के.डी.बी.एम. इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तेजोऽहम् आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अनिवासी प्रशिक्षण शिविर विशेष रूप से युवतियों एवं किशोरियों के लिए आयोजित किया गया है, जो 22 दिसंबर से 27 दिसंबर 2025 तक चलेगा। वही शुभारंभ अवसर पर अतिथियों एवं आयोजकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर की विधिवत शुरुआत की गई। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं को केवल शैक्षणिक रूप से नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और आत्मरक्षा के क्षेत्र में भी सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर तेजोऽहम् शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में



प्रतिभागियों को योगासन, सूर्य नमस्कार, ज्ञानेन्द्रिय संवर्धन, प्रज्ञा संवर्धन, ब्रेन डेवलपमेंट, भगवद्गीता का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। साथ ही लाठी-काठी प्रशिक्षण, मंच संयोजन, गोपुरम निर्माण, टाइम मैनेजमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, मैदानी खेल एवं विविध स्पर्धाओं के माध्यम से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवतियों एवं किशोरियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मरक्षा की भावना विकसित करना है, जिससे वे जीवन की हर चुनौती का साहसपूर्वक सामना कर सकें। प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों एवं मार्गदर्शकों द्वारा दिया जा रहा है। के.डी.बी.एम. इंटरनेशनल स्कूल परिसर इस प्रशिक्षण शिविर का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।


### विंध्याचल की गोद में सजेगा महामहोत्सव

## भियादांत अतिशय क्षेत्र में 12 मार्च 2026 को महा मस्तकाभिषेक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**

विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की सहस्त्र-परंपरा से जुड़े प्राचीन भियादांत अतिशय क्षेत्र में आगामी 12 मार्च 2026 को सदी का प्रथम भियादांत महामहोत्सव 2026 श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा।

इस पावन अवसर पर 1008 सिद्ध मंत्रों के उच्चारण के साथ महा मस्तकाभिषेक संपन्न होगा। इस अतिशय क्षेत्र में शैलाखंड पर उकेरी गई 108 इंच ऊँची भगवान आदिनाथ जी की दिव्य प्रतिमा विशिष्ट एवं दुर्लभ केश-विन्यास से अलंकृत है, जिसे जैन शिल्प परंपरा की अनुपम कृति माना जाता है। यह प्रतिमा महा-अतिशयकारी के रूप में विख्यात है, जहाँ दर्शन-वंदन से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएँ पूर्ण होने की लोक-आस्था है। प्रकृति की गोद में, हरित विंध्याचल पर्वतमाला के मध्य उर्वशी ऊर नदी के पावन तट पर स्थित यह तीर्थ शांत, सात्त्विक एवं आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। आयोजन समिति के अनुसार यह महा महोत्सव आचार्य भगवान श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य एवं आचार्य



श्री 108 समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती मुनि श्री 108 अविचल सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में तथा श्री आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वर्ण, रजत, पंचरत्न, तीर्थंकर, बड़े बाबा सहित विभिन्न कलशों से अभिषेक का विधान रहेगा। आयोजन से प्राप्त समस्त राशि को पूर्ण पारदर्शिता के साथ अतिशय क्षेत्र के विकास, निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण एवं स्थायी तीर्थ सुविधाओं के विस्तार में ही उपयोग में लाया जाएगा।

## नवनियुक्ति ब्लॉक अध्यक्षों का किया सम्मान



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनोद सेन के निवास पर सिरोंज विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों का उत्साहपूर्ण और आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव,लटेरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड. यदुवीर सिंह बघेल,लटेरी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार पार्षद,देवपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत का अभिनंदन कर नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस मौके पर संगठन में जोश,समन्वय और नई सोच के साथ आगे बढ़ने का यह संकल्प निश्चित ही सिरोंज विधानसभा कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसर खांन,आशीष जैन,मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव अतिक मंसूरी,जय मंडल यादव सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे, इसलिए समन्वय जरूरी: टंडन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदपुर**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म स्मृति में देशभर में आयोजित किए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 'सुशासन गांव की ओर अभियान' के तहत अहमदपुर कस्बा पंचायत में सुशासन शिविर

शिविर में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत सदस्य धनराज दांगी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक श्री टंडन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सुशासन की अवधारणा पर प्रकाश डाला और कहा कि पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशील प्रशासन ही सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

शिविर के दौरान विधायक द्वारा अनुग्रह सहायता, स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं हितलाभ वितरित किए गए। जनसमस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक पेंशन, राशन पात्रता पर्ची, हैंडपंप, शौचालय सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर के आयोजन में सरपंच शिवचरण शर्मा का योगदान रहा।

## बचपन प्ले स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

**विदिशा।** बचपन प्ले स्कूल का 12वां वार्षिक उत्सव वर्षिकोत्सव रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में मनाया गया। कार्यक्रम स्माइल्स एंड स्पार्कल्स की थीम पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्कूल प्राचार्य अंजली श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया एवं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्ले ग्रुप से लेकर यू के जी कक्षा तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक, मनमोहक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता स्किट ख़ासा आकर्षण का केंद्र रहा जिसने मौजूद सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति के तौर पर अभिभावकों के जोड़ी डांस ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, कार्यक्रम के अंत में ऑडियंस पोल के आधार पर चुनी गई बेस्ट तीन जोड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर अभिनय वर्मा ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।



## सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद**

शमशाबाद में सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन हुआ, जिसमें ग्रामीण खेल प्रतिभाओं ने जबरदस्त जोश और उत्साह दिखाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद लता वानखेडे एवं विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। सांसद लता वानखेडे ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने भी



खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे युवाओं को खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, जनपद अध्यक्ष संगीता यशपाल रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। इस आयोजन ने शमशाबाद के ग्रामीण खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर खेल संस्कृति को और मजबूती देने का कार्य किया।

## नगर परिषद की सामान्य सभा में कई प्रस्ताव पारित, कुछ मुद्दों पर तीखा विरोध




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई**

नगर परिषद की सामान्य सभा में विकास, कर निर्धारण, स्वच्छता और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में "एक देश, एक चुनाव" प्रस्ताव पर कांग्रेस सहित विपक्ष ने तीखा विरोध किया, हालांकि यह प्रस्ताव पारित हो गया। वहीं, जीएसटी और "लोकल फॉर वोकल" के प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर हुए।

नगर जल कर बढ़ाने का प्रस्ताव ठुकरा कर इसे स्थिर रखने का निर्णय लिया गया। अवैध नल कनेक्शन पकड़े जाने पर 2000 जुर्माना और शेष राशि किस्तों में जमा कराने की सहमति बनी। संपत्ति कर अंतर्गत लगभग 2200 कनेक्शनों की जानकारी दी गई। विकसित इलाकों में विकास शुल्क आवासीय के लिए 5 तथा व्यावसायिक के लिए 10 प्रति वर्गफुट निर्धारित किया गया।

पुराने टेंट भुगतान को लेकर तीखी बहस हुई, पार्षद इलियास मोहम्मद इलू ने इसका विरोध किया। विधायक हरि सिंह सप्रे ने शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए और विशेष निधि के लिए मुख्यमंत्री व मंत्री से संपर्क का आश्वासन दिया।

विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी ने पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाए, पार्षदों को खर्चों की जानकारी और कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक करने मांग की। शव वाहन में टायर न होने और सफाई व्यवस्था की खामियों पर भी चर्चा हुई। सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद अभिषेक सप्रे ने टिप्पणी की। उपाध्यक्ष इरफान काजी ने कर्मचारियों के वेतन भुगतान में पार्षदों की टीप की आवश्यकता बताई। पार्षद हस्नुद्दीन खान ने बस स्टैंड हटाने और विकास कार्यों की डीपीआर में देरी पर सवाल उठाए। पार्षद जफर शेख ने खराब कचरा वाहनों के निपटारे की मांग की। विधायक सप्रे ने नामांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और पार्षदों की सहमति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद छोटे विकास कार्य स्वयं करेगी और स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाएगी। पार्षदों ने शहर में गड्ढों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। बैठक में सहमति के साथ विरोध और नोकझोंक भी देखने को मिली।

## किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर**

ग्यारसपुर में सोमवार को किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

जनपद सीईओ गगन वाजपेई, बीआरसी ईश्वर शर्मा, हनीफ खान, कबड्डी कोच मयूर भार्गव सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। कार्यशाला में कंपनी के एरिया मैनेजर आशुतोष गौरव एवं असिस्टेंट मैनेजर कपिल चौधरी ने किसानों को उर्वरकों और कीटनाशकों के वैज्ञानिक व



संतुलित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यूरिया, डीएपी के सही समय और मात्रा में उपयोग तथा कीटनाशकों के संतुलित छिड़काव से फसल संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने यह भी समझाया कि किस फसल में किस अवस्था पर कौन-सा उर्वरक अधिक प्रभावी होता है, जिससे लागत घटाकर पैदावार बढ़ाई जा सके। कम लागत में अधिक लाभ के लिए आधुनिक खेती की तकनीकों और फसल प्रबंधन की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल ने किसानों को सरकारी योजनाओं और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर नरेंद्र रघुवंशी की उपस्थिति ने कार्यशाला की उपयोगिता बढ़ाई। कार्यक्रम का आयोजन महेश मशीन एवं कृषि सेवा केंद्र ने किया, जिसमें क्षेत्र के कई किसान उत्साह से शामिल हुए और उन्नत खेती के लिए प्रेरित हुए।

## इतिहास और प्रकृति का संगम है माला देवी मंदिर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर**

ग्यारसपुर की पहचान केवल एक कस्बे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर है, जो आज भी अपनी रहस्यमय सुंदरता से हर आगंतुक को आकर्षित करती है। इन्हीं धरोहरों में पहाड़ी शिखर पर विराजमान माला देवी मंदिर विशेष स्थान रखता है। कठोर चट्टानों को काटकर निर्मित यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि प्राचीन स्थापत्य कला और प्रकृति के अद्भुत सामंजस्य का जीवंत उदाहरण है।

मंदिर तक पहुंचते ही चारों ओर फैला मनोरम दृश्य मन को भीतर तक छू जाता है। नीचे दूर-दूर तक फैले हरे-भरे खेत, आसपास की



ऊँची पहाड़ियां और खुला आकाश ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति स्वयं आगंतुकों से संवाद कर रही हो। यहाँ की शांति, शीतल हवा और पक्षियों की मधुर चहचहाहट मन को गहरा सुकून देती है। जो भी यहां आता है, कुछ क्षणों के लिए जीवन की भागदौड़ भूल जाता है। ऐसा माना जाता है कि माला देवी मंदिर का निर्माण प्राचीन काल में हुआ, जब संसाधन सीमित थे, लेकिन श्रद्धा और कला असीम।

पहाड़ी को काटकर बनाए गए इस मंदिर की संरचना उस युग की अद्भुत इंजीनियरिंग और गहन आस्था की साक्षी है। इतिहास प्रेमियों के लिए यह स्थल किसी खजाने से कम नहीं। हर वर्ष 1 जनवरी को यहां विशाल मेला लगता है। नव वर्ष की पहली सुबह माता के दर्शन और प्रकृति की गोद में बिताए गए पल श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन जाते हैं। फोटोग्राफी, आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक रोमांच का अनूठा संगम—माला देवी मंदिर वास्तव में पर्यटकों के लिए स्वर्ग समान है।

**खबर संक्षेप**



## इंजीनियरों ने किया विरोध प्रदर्शन, जांच के नाम पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**रायसेन।** सोमवार को सुबह से ही मप्र इंजीनियर संगठन के बैनर तले सैकड़ों इंजीनियरों ने सोमवार को जिला मुख्यालय के वीआईपी सर्किट हाउस में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन केवल रायसेन तक सीमित नहीं था।बल्कि प्रदेश के 7 प्रमुख जिलों सिवनी, बुरहानपुर, उज्जैन, मुरैना और छतरपुर में भी इंजीनियरों ने कामकाज ठप कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान, उन्होंने नारेबाजी करते हुए जिले में चल रहे कामों की जांच करने जा रहे एक दल के वाहन को भी रोका। इंजीनियरों ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वे दिन-रात धरातल पर पसीना बहाते हैं।लेकिन सरकार उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाती है। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार खराब काम करने वाले ठेकेदारों से 'शॉर्टकट' कर लेती है। जबकि लापरवाही का सारा ठीकरा इंजीनियरों पर फोड़ा जाता है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक ही काम की बार-बार जांच कराकर इंजीनियरों को अनावश्यक दबाव में रखा जा रहा है। इसके अलावा, प्रदेश में 600 से अधिक इंजीनियरों के पद खाली पड़े हैं।

**रघुनंदन बने दूल्हा, हर्षित भए सब लोक** | **भगवान श्रीराम की बारात का साक्षी बना शहर, जगह-जगह हुआ स्वागत**

# शहर में निकली दशरथ नंदन श्रीराम की बारात, घोड़े पर सवार हुए चारों राजकुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

श्रीरामलीला महोत्सव में संचालन समिति द्वारा शहर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन किया। बारात में डीजे, ढोल, बैंडबाजे, नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए शहरवासी शामिल हुए।

सोमवार को शाम को जब भगवान श्रीराम अपने तीनों भाईयों के साथ घोड़े पर सवार होकर दूल्हा बनकर निकलें तो लोगों ने घरों से बाहर आकर आरती की थाली हाथों में लेकर उनकी जगह-जगह आरती उतारकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। शहर में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। श्रीराम बारात रायसेन की जनता के लिए श्रद्धा आस्था और आकर्षण का केंद्र रही।

घोड़े पर सवार होकर अयोध्या के चारों राजकुमार श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न जनकपुरी की ओर निकले। यह श्रीराम बारात मां दुर्गा मंदिर चोपड़ा बावड़ी से शाम करीब चार बजे पूजा अर्चना आरती के बाद प्रारंभ हुई। श्रीराम बारात में शोभा बढ़ाते हुए सबसे आगे घोड़ों सवार सैनिक चल रहे थे उनके पीछे अयोध्या के राजा महाराजाओं की पालकी में विराजमान हुए महाराज दशरथ अपने रथ पर सवार होकर पुत्रों की बारात में शामिल हुए। जिनके साथ राजगुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और अन्य गुरुजन भी मौजूद थे।

भरत



लक्ष्मण



शत्रुघ्न





### बारात का जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

श्रीराम बारात में डीजे बैंड बाजे ढोल नगाड़े और भक्ति गीतों की दोनों पर श्रद्धालु नाचते हुए शामिल हुए। बारात के मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्रीराम के चारों भाइयों का फूलों वर्ष का जोरदार स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने श्रीराम जयकारे लगाते हुए आरती जगह जगह आरती उतारी। इस दौरान शहर का पूरा माहौल भक्ति और राममय में हो गया।



### राजसी श्रृंगार कर सजे चारों राजकुमार

राजसी श्रृंगार कर सजे श्रीराम और उनके अंगों की नैनाभिराम छवि को श्रद्धालु अपलक निहार रहे थे। घोड़ा बग्घियों में राजा दशरथ कुलगुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र के साथ अयोध्या वासियों को बारात में साथ चलने का निमंत्रण देते हुए चल रहे थे। करीब 4 किलोमीटर बारात में शामिल कई झांकियां राम बारात की शोभा बढ़ा रही थी। कलाकार अपनी प्रस्तुतियों देकर सबका मनमोह रहे थे। चारों तरफ श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। श्री रामलीला में श्रीराम बारात भव्यता के लिए प्रसिद्ध है।

### झांकियां रही आकर्षण

श्रीराम बारात में शामिल शिव भोलेनाथ, एक घोड़ा बग्घी में अयोध्या के राजा दशरथ, गुरुवर, राजा महाराजाओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन झांकियों के आगे जगह-जगह उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा आसमान में सतरंगी आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। जिससे अनोखी इंद्रधनुषी छटा बिखरती दिखाई दी। बारात में शामिल हुए गोरिल्ला ने भी बच्चों का खूब मनोरंजन किया। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा श्रीराम की बारात को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## सोमवार को छाया घना कोहरा, ठंड ने दिखाया रुद्र रूप, सुबह 9 बजे के बाद निकली धूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीवानगंज सहित क्षेत्र में सोमवार सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। ठंड ने रुद्र रूप दिखाते हुए लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रही, जिसके चलते वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर चलना पड़ा। कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण यातायात प्रभावित रहा। वहीं स्कूली और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



## श्मशान घाट की भूमि पर किया अतिक्रमण, प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

तहसील की ग्राम पंचायत कढ़ैया में विगत कुछ वर्षों से बंटी जैन नामक व्यक्ति द्वारा झाड़फूंक के नाम पर श्मशान घाट कढ़ैया की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया। और लोगों को झाड़फूंक के नाम पर धार्मिक रूप से बरगलाने का काम करने लगा। जिसकी सूचना हिन्दूवादी संगठनों को विगत रात्रि में तब लगी जब वहां पक्के निर्माण के उद्देश्य से मुरम डाली जाने लगी ।

हिंदू संगठनों से जुड़े नेताओं के उग्र विरोध से स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम सरोज अग्निवंशी, तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत, समेत एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी डीपी लोहिया, गढ़ी चौकी इंचार्ज वीरेंद्र विश्वकर्मा देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया, मौके पर पहुंचकर जन समूह को समझाया और विवादित स्थल की नपती करवाई, जिसमें उक्त जमीन श्मशान घाट के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज निकली।



एसडीएम सरोज अग्निवंशी ने अतिक्रमण करके बनाए गए पक्के निर्माण को तारफेंसिंग से कवर करने के आदेश के साथ जनसामान्य के लिए आना जाना। अगले आदेश तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया।

एसडीएम, तहसीलदार नरेश राजपूत, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने मामले को सुलझाया एवं वर्ग संघर्ष की स्थिति न बने, इसका ध्यान रखते हुए विधि सहित कार्यवाही की।

**दी गई है समझाइश**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विधि अनुसार ही कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमणकारी को समझाइश दी गई है।

**- नरेश राजपूत,** तहसीलदार गैरतगंज।

## सालभर भी नहीं टिक सकी वर्षों के बाद बनी सड़क, गीदगढ़ के ग्रामीणों में फिर निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

» करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़क पर भ्रष्टाचार ने फेरा पानी, जगह-जगह गड्ढों तें तब्दील

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली गीदगढ़ पंचायत के गांव गीदगढ़ टोला तक 2 किलोमीटर मार्ग की सड़क 9 महीने पहले ही बनकर तैयार हुई थी और 9 महीनों में ही सड़क में गहरे गहरे गड्ढे हो गए है। इसको लेकर ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष के संघर्ष के बाद यह सड़क बनाकर तैयार हुई थी। ग्रामीणों को उम्मीद थी की अब उन्हें आवागमन में परेशानी नहीं होगी। ग्राम पंचायत गीदगढ़ से गीदगढ़ टोला तक 2 किलोमीटर मार्ग के लिए 3 करोड़ 42 लाख रुपए लागत से 9 महीने पहले ही रोड बनाया गया था। रोड को अभी बने हुए 9 महीने भी नहीं हुए कि रोड में कई जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस हद तक रोड बनाने में लापरवाही बरती गई है।



ग्रामीण शुभम, विराट धाकड़, अमर सिंह धाकड़, मनमोहन धाकड़, राहुल धाकड़, हुकम धाकड़, अरविंद धाकड़ आदि ने कहा है कि रोड ठेकेदार ने रोड बनाने में लापरवाही की है। रोड को बने हुए अभी 9 महीने भी नहीं हुए की रोड में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। सभी ग्रामीण सड़क को लेकर जनसुनवाई में शिकायत करेंगे।

**ग्रामीणों की जुबानी**

9 महीने पहले ही गांव की सड़क का निर्माण कार्य हुआ था और सड़क में जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए। सड़क बनाने में ठेकेदार ने लापरवाही की है, जिसकी शिकायत हम जनसुनवाई में करेंगे।

**-मुकेश धाकड़,** ग्रामीण

कई सालों बाद सड़क का निर्माण किया था, जिससे हम लोग काफी खुश थे कि अब सफर सुलभ होगा। लेकिन वर्षों की आशा पर लापरवाही ने पानी फेर दिया। 9 महीने में ही रोड खराब होने लगी।

**-राकेश धाकड़,** ग्रामीण

## बरेली में हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। बरेली के थाना मैदान में 4 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके लिए समिति द्वारा भूमि पूजन किया। नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन के भूमि पूजन कार्यक्रम के आयोजन समिति संयोजक केशव राठी, ओमकार धाकड़, खंड संघ चालक राधा मोहन व्यास, सोनू भार्गव, अमन जैन सह जिला करवा इत्यादि की उपस्थिति रही।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर भूमिपूजन तथा ध्वज स्थापना संपन्न

### आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रतापगढ़ में होगा भव्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आदिवासी अंचल के ग्राम प्रतापगढ़ में आयोजित होने वाले हिंदु सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में सम्मेलन स्थल पर विधिवत भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साधु-संतों की विशेष उपस्थिति रही।

गुरुदेव नवीन बिहारी एवं गुरुदेव वेदाचार्य महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण की विधि संपन्न कराई।



कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, खंड कार्यवाह प्रदीप सिंह, भाजपा नेता दीपक रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर सहित हिंदू समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

बताया गया हैं कि आगामी दिनों में हिंदु सम्मेलन को भव्य स्वरूप देने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा। और जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया है। सम्मेलन के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। ग्रामीणों में सम्मेलन को लेकर उत्साह का माहौल है और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**नपा द्वारा 2 करोड़ 80 लाख की लागत से बनाए जाएंगे नाले**

## अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटवाकर शुरू कराया नाला एवं दुकानों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में जिला अस्पताल के सामने से नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद 2 करोड़ 80 लाख की लागत से बन रहे नाले के कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को सख्ती से हटा दिया। जिला अस्पताल के सामने नाले के ऊपर लोगों ने गुमटियां और टपरे डाल रखे थे। इससे ठेकेदार को काम शुरू करने में दिक्कत हो रही थी।

नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया और स्थल को साफ कराया। इसके बाद अब नाला निर्माण का कार्य तेजी से शुरू किया जा सकेगा। नगर पालिका सागर रोड पर 48 नई दुकानों का निर्माण करा रही है।



इन दुकानों को स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। यहां भी पूर्व में अतिक्रमण होने के कारण भूमि खाली नहीं हो पा रही थी। नपा की कार्रवाई के बाद अब निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। निर्माण पूर्ण होने पर लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने आवंटित किया जाएगा। शहर को धूल मुक्त बनाने नपा द्वारा पेवर ब्लॉक लगाने के लिए भूमि पूजन भी कर दिया गया है।

**सम्मेलन में कार्यकर्ता का राज्यमंत्री ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

## पार्टी का हर कार्यकर्ता देव तुल्य : राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सोमवार को शिव शक्ति रिसार्ट में उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यशाला में विकास और सेवा के दो वर्ष अटल स्मृति पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ संपूर्ण विधानसभा के 7 मंडलों के लगभग 2000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कार्यकर्ताओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के विचार यात्रा राष्ट्र निर्माण 2047 तक विकसित भारत प्रदेश की भाजपा सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने इत्यादि विषयों पर व्याख्यान दिए। भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भाजपा को अनुशासन वाली पार्टी बताते हुए कहा कि छोटा कार्यकर्ता भी बड़े पदों पर पहुंच सकता है। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उदाहरण दिया।

### इनकी रही उपस्थित

सम्मेलन में बूथ स्तर के त्रिदेव शक्ति केंद्रों विधानसभा के सात मंडलों के साथ जनपद नगर पंचायत अध्यक्षों उपाध्यक्षों सदस्यों ग्राम पंचायत के सरपंचों जनपद सदस्यों पार्षदों संगठन पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की अपेक्षा और तैयारी से अधिक उपस्थिति रही।

**साफ सुथरी मतदाता सूची चुनाव जीतने की पहली सीढ़ी - संभाग प्रभारी सिंग**



### अगले तीन वर्षों में विकास की गंगा बहाने का प्रयास होगा

क्षेत्र के विधायक एवं सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने आत्मनिर्भर विकसित भारत और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष क्षेत्र के विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जैसे देवता हमेशा देते हैं उसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता पार्टी को देता ही है। भाजपा की ताकत कार्यकर्ता है विकसित भारत के लिए प्रत्येक ग्राम का विकास जरूरी है क्षेत्र में अगले तीन वर्षों में विकास की गंगा बहाने का प्रयास होगा राज्य मंत्री पटेल ने बताया कि पशु चिकित्सालय भवन, स्टेडियम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है।

### साफ़ सुथरी मतदाता सूची जरूरी

भोपाल संभाग के संगठन प्रभारी विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह ने कहा कि बीजेपी जनसेवा समाज सेवा का लक्ष्य लेकर कार्य करती है। भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार करने केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार जरूरी है। पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, लाडली लक्ष्मी बहन योजना, किसान सम्मान निधि जैसी सेवाओं का लाभ भाजपा सरकार के कारण मिला। साफ सुथरी मतदाता सूची जिसमें फर्जीवाड़ा ना हो चुनाव जीतने की पहली सीढ़ी है।